सांध्य दैनिक
*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel
# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com
वर्ष : 9 अंक : 335 इंदौर, सोमवार 17 जून, 2024 पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

# MLA फंड जारी होने के बाद इस्तीफा देंगे दलबदलू विधायक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल । अमरवाड़ा में उपचुनाव की घोषणा के बाद विजयपुर, बीना और बुधनी में उपचुनाव कब होंगे इसके कयास लगाए जा रहे हैं। हालांकि इन तीनों ही विधानसभा क्षेत्रों के वर्तमान विधायकों ने अभी इस्तीफा नहीं दिया है। लोकसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस के तीन विधायकों ने बीजेपी जॉइन की थी। इनमें से अमरवाड़ा विधायक कमलेश शाह ने बीजेपी की सदस्यता लेने से पहले ही कांग्रेस छोड़ विधायक पद से भी इस्तीफा दे दिया था। यहां 10 जुलाई को उपचुनाव होना है। लेकिन, बीना की विधायक निर्मला सप्रे और विजयपुर विधायक रामनिवास रावत ने बीजेपी की सदस्यता लेने के बाद भी अभी तक इस्तीफा नहीं दिया है। दैनिक भास्कर ने विधायकों के इस्तीफे को लेकर बातचीत की तो वजह पता चली।**



### आचार संहिता के कारण नहीं मिल पाई राशि

कांग्रेस के एक विधायक ने बताया कि विधायक निर्वाचित होने के बाद लोकसभा के चुनाव की आचार संहिता लागू हो गई। इस वजह से विधायक निधि जारी नहीं हो पाई। अभी दो दिन पहले ये सूचना आई है कि करीब 80 -90 लाख रुपए जारी हो गए हैं। इस राशि से क्षेत्र में विकास के काम हो सकेंगे।

सागर जिले की बीना से कांग्रेस विधायक निर्मला सप्रे ने पिछले महीने 5 मई को बीजेपी जॉइन कर ली थी। लोकसभा चुनाव के दौरान निर्मला ने कांग्रेस को करारा झटका दिया था। दलबदल के बाद भी उन्होंने विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा नहीं दिया। दैनिक भास्कर ने बीना विधायक निर्मला सप्रे से बातचीत की तो समझ आया कि वे विधायक विकास निधि जारी होने के इंतजार में हैं। विधायकों को सालाना ढाई करोड़ रुपए विधायक निधि की राशि विकास कार्यों के लिए मिलती है। हालांकि विजयपुर विधायक ने इस्तीफा नहीं देने का ऐसा कोई कारण नहीं बताया।

## दो छात्रों को चाकुओं से गोदा, एक की मौत

### दूसरा छात्र जान बचाने के लिए 1.5 किलोमीटर दौड़ा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर**। जबलपुर में रविवार तड़के 3 बजे दो छात्रों पर चाकू से हमला हो गया। चार हमलावरों ने एक छात्र की हत्या कर दी। दूसरा छात्र हमले में गंभीर रूप से घायल है। वह जान बचाने के लिए 1.5 किलोमीटर दूर रूम तक दौड़ते हुए पहुंचा। दोस्त उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां से उसे मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

मृतक छात्र शुभम भूमरडे (27) बालाघाट का रहने वाला था। हमले में घायल मानस श्रीवास्तव भी बालाघाट के ही रहने वाले थे। वे दोनों रूम पार्टनर भी थे। दो साल से घमापुर में कमरा किराए से लिए हुए हैं। दोनों पढ़ाई के साथ मध्यप्रदेश लोकसेवा आयोग (एमपीपीएससी) की भी तैयारी कर रहे थे।

### बाइक से घूमने निकले थे दोनों दोस्त

शुभम और मानस बाइक से घूमने निकले थे। रांझी से घमापुर लौट रहे थे, तभी लालमाटी चुंगी के पास दो बाइक से आए चार हमलावरों ने उन्हें रोका। वे कुछ समझ पाते हमलावरों ने उन्हें घेरकर ताबड़तोड़ वार कर दिए। शुभम की मौके पर ही मौत हो गई। मानस के सिर, पेट, पीठ में गहरे घाव हैं। वह घायल हालत में दौड़ता हुआ रूम तक पहुंचा। साथ में रह रहे दूसरे दोस्तों को जानकारी दी। घटनास्थल से रूम की दूरी 1.5 किलोमीटर है।

### किसी से विवाद नहीं, पढ़ाई में होनहार

दोस्त तनुज साहू ने बताया कि रात 3.30 बजे घायल हालत में मानस रूम पर पहुंचा। उसने बताया कि बदमाशों ने शुभम को पकड़ा हुआ है। वे उसे चाकू मार रहे हैं। बात करते-करते वह बेहोश हो गया। थोड़ी देर बाद मानस के मोबाइल पर घमापुर थाने की पुलिस का फोन आया। हमें बताया कि शुभम की बॉडी सड़क किनारे मिली है। रविवार सुबह शुभम और मानस के घरवालों को जानकारी दी गई। तनुज ने बताया कि शुभम और मानस का कभी भी किसी से विवाद नहीं हुआ। दोनों ही पढ़ाई में होनहार हैं। रूम से कॉलेज और कॉलेज से रूम के अलावा उनका और कहीं जाना भी नहीं होता था। उन पर हमला किसने किया, यह समझ में नहीं आ रहा है।

### दो दिन पहले ही बालाघाट से आए जबलपुर

शुभम और मानस दो साल से जबलपुर में साथ रह रहे थे। शुभम रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय से एमसीए की पढ़ाई कर रहे था, जबकि मानस श्रीवास्तव जबलपुर इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्र हैं। एक सप्ताह पहले दोनों छुट्टी पर घर गए थे। एमपीपीएससी की परीक्षा है, इसकी तैयारी के लिए दो दिन पहले ही किताबें लेने जबलपुर आए थे। दोनों का बुधवार को फिर वापस बालाघाट जाने का प्लान था।





## भांजियों ने किया मामा का जोरदार स्वागत

### पुराने शहर में बनाया मंच, बुल्डोजर पर चढ़कर बरसाए फूल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल**। मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व नवनियुक्त केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान के प्रथम भोपाल आगमन पर मामा की लाडली भांजियों ने जोरदार स्वागत किया। भोपाल गुरूनानक मंडल द्वारा आयोजित स्वागत कार्यक्रम पुराने भोपाल स्थित संगम टॉकीज के पास किया गया। जहां भांजियों ने बुल्डोजर पर चढ़ कर उन पर फूल बरसाए। इस अवसर पर भोपाल सांसद आलोक शर्मा, गुरूनानक मंडल के अध्यक्ष राकेश कुकरेजा, महेश मकवाना, भगवान दास ढालिया, विष्णु राजपूत, सुनील सराठे, यतिन मकवाना,अतुल घेघन्ट, संदीप कल्याणे सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

पर्यावरण संरक्षण अनुसंधान विकास केंद्र की साहित्य गोष्ठी आयोजित ...

# कैसे बचाएं धरती को नादानों के हिंसक आगोश से

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **पर्यावरण संरक्षण अनुसंधान विकास केंद्र (सीईपीआरडी) की पर्यावरण पखवाड़े में रविवार को साहित्य गोष्ठी सामयिक संदर्भों पर सफलतापूर्वक संपन्न हुई। गोष्ठी के प्रारंभ में संचालक एस एन मंगल ने संस्था के कार्यकलापों की जानकारी दी।**

गोष्ठी का प्रारंभ राजेशराम नगीना द्वारा सरस्वती वंदना विमल वाणी, अपना लो मुझे वरदायनी से किया गया। इस मौके पर मनोहर मधुर ने पानी पर संदेश दिया पानी है अनमोल हम बचाए पानी को'। ओम जोशी बब्बू ने संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि एक पौधा कड़कड़ाती धूप, ठंड और बरसात में खड़ा, देख आसमान उसकी विशालता नतमस्तक हो चूमा। गोष्ठी में ओम उपाध्याय ने सीमांकन किया ' अपने-अपने पर्यावरण की रक्षा करना चाहिए, नदियों को बहना सागर थमे रहना चाहिए। इस मौके पर बृजेंद्र नागर ने व्यंग्य प्रस्तुत किया। कीमत सुनी टैंकर के पानी की तो पानी पानी हो गए। डॉ. रवींद्र ढोबले ने भी कटाक्ष किया अब देश की किसे पड़ी है, नौंचने वालों की टीम तगड़ी है। सुनील मुसाफिर ने पितृ दिवस पर श्रद्धा व्यक्त की _ मुझे बड़ा बनाने में जीवन का सर्वस्व होम करते पिता। अशोक गर्ग ने आशा जताई कि जिंदा रहने की जंग अभी बाकी है, जीने का ढंग अभी बाकी है। सुधीर अपेक्षित ने सामयिक रचना पढ़ी परिणाम परीक्षा का ज्ञात नहीं है, वह कौन सी परीक्षा जिसमें घात नहीं है। सुरेश रैकवार ने योग दिवस के उपलक्ष्य में दौहे सुनाए- योग यदि नियमित करें तो रोग काहे को होए।' सुरेश कासलीवाल ने कहा _पौधे लगाकर पेड़ बनाए और संरक्षित भी करें। इस गोष्ठी में संचालक, साहित्यकार सना. मंगल की पर्यावरण चिंता पर रचना ने खूब दाद बटोरी।

' धरती को तो रौंद दिया समंदर के भीतर चले, इस सुरसा जैसी भूख के कब थमेंगे सिलसिले।' अंत में गोष्ठी की अध्यक्षता कर रही वरिष्ठ शिशु चिकित्सा डॉ. सुषमा रावत ने पर्यावरण के संदर्भ में अपने ' भारतीय समग्र चिकित्सा ' सिद्धांत का प्रतिपादन करते हुए कहा _ पर्यावरण की रक्षा हेतु उच्च बुद्धिमत्ता से विभिन्न छोटे-बड़े उपाय करने की नितांत आवश्यकता है। आभार दिनेश जिंदल ने माना।

# योग के सभी आसनों को आसान बनाता है कपल योग

**सिल्वर स्प्रिंग सोसाइटी में एक माह से जारी है योग शिविर**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को है जिसकी तैयारी सभी जगह चल रही हैं इसी के तहत सिलवर स्प्रिंग रहवासी सोसायटी में योग दिवस और उत्तम स्वास्थ्य की जागरूकता के लिए एक माह का योग शिविर लगाया गया है।

योग की श्रृंखला में रविवार को कपल योग करवाया गया। इस प्रकार कपल योग में पार्टनर के साथ योग करने पर आसन ठीक से बन जाते है, और आसन करने की होल्ड करने की क्षमता बढ़ जाती हैं। कपल योग से रीढ़ की हड्डी लचीली होती है और योग की अन्य क्रियाओ को करने में आसानी होती है। इस वर्ष के अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2024 का विषय अथवा थीम ह्यमानवताह्न है । योग दिवस समारोह का उद्देश्य योग की समग्र प्रकृति के बारे में जागरूकता पैदा करना तथा उत्कृष्ट कल्याण के लिए लोगों को इसे अपने दैनिक जीवन में सम्मिलित करने के लिए प्रोत्साहित करना है। आगामी आने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर्व के उपलक्ष्य में सिल्वर स्प्रिंग रहवासी संस्था द्वारा योग भगाए रोग के विषय/थीम पर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पूर्व नियमित योगाभ्यास टाउनशिप के दो योग प्रशिक्षक श्रीमति रजनी खेतान तथा श्रीमती नीतू मित्तल द्वारा कराया जा रहा है। यह प्रशिक्षण पूर्णतः निःशुल्क है। योगाभ्यास प्रशिक्षण योग शिविर के लिए देवेंद्र सिंह तोमर, केशरे सिंह मंडलोई, मुकेश मिश्रा, मंजू मिश्रा, सुनीता कालिया, नैना नीमा, आयुषी पाटीदार, सुधा सोमानी संजय श्रीवास्तव और देवराज पाटीदार व घनश्याम सोमानी का विशेष योगदान है।

# गुरुकुल और गौशाला का उद्घाटन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। खंडवा रोड मछला मोरद तेजाजी नगर इंदौर की धारा को पवित्र करने के उद्देश्य से। श्री श्री लड्डू गोपाल धाम समिति के द्वारा कल सुबह 9:00 बजे भूमि पूजन एवं वृक्षारोपण किया गया ।

पूर्व राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त देवराजसिंह परिहार के मुख्य अतिथि में एवं पूज्य पीठाधीश्वर जानकी बल्लभदास प्राचीन राम मंदिर खातीपुरा इंदौर की अध्यक्षता में भूमि पूजन किया गया। महाराज जी ने सामान्य वार्ता में बताया कि जहां गुरुकुल और गो धाम होते वहां पर चलता फिरता चिकित्सालय शिक्षालय और शिवालय होता है। इस पावन कार्य मे संरक्षक के रूप में योगाचार्य श्री गोपालकृष्ण जी भार्गव की प्रेरणा से परम गौ स्नेही ठाकुर महेंद्र सिंह एवं विक्रम सिंह माध्यम से भूमि दान की गई एवं शिल्पकार की भूमिका श्री विष्णु जी शर्मा ने निभाई । जिसमें 50 गौ माता में एवं 50 छात्रों के रहने की व्यवस्था का भी संकल्प लिया। आने वाले समय में मातृत्व शक्तियों को भी गुरुकुल में प्रवेश दिया जाएगा । ऐसी पुनीत भवन के साथ सर्वश्री के रूप में धर्म प्रेमी एवं गौ प्रेमी श्री पंडित मनोज भार्गव जी एवं पंडित मनोज तिवारी जी संकल्पित हैं। समिति के अन्य सदस्यों ने सहर्ष जयकारा लगाते हुए अपना योगदान देने के लिए संकल्प लिया एवं धर्म प्रेमी जनता ने आर्थिक सहयोग की भी घोषणा की।

# खाटू श्याम धाम पर गंगा दशहरे पर हुआ पूजन

**आधा-एक किलो प्रसाद चढ़ाकर हम भ्रम पाले हुए है कि भगवान हमारे सारे पापों का नाश कर देंगे - मुस्कान शर्मा**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। नानीबाई के मायरे की कथा भक्त और भगवान के बीच भाव विभोर कर देने वाले प्रसंगों से भरपूर कथा है। हम भगवान को कितना ही प्रलोभन दें और कितनी ही मन्नतें मांग लें, भगवान तो सर्वज्ञ भी है और संपन्न भी हैं। हम आधा-एक किलो मिठाई या श्रीफल और हार-फूल चढ़ाकर यदि यह भ्रम पाल रहे हैं कि अब तो भगवान हमारे सारे पापों का नाश कर ही देंगे तो इस भ्रम को दूर कर लेना चाहिए। भगवान पहले से ही सारे संसार के सृष्टा और दृष्टा हैं, उन्हें हम इन मिठाई के डिब्बों और हार-फूलों की तराजू में तोलकर उनका अवमूल्यन ही कर रहे हैं। भगवान को किसी भी तराजू में नहीं तोला जा सकता, सिवाय प्रेम, भक्ति और अपनत्व के।

ये विचार हैं श्यामप्रिया मुस्कान शर्मा के, जो उन्होंने एयरपोर्ट रोड, अंबिकापुरी स्थित खाटू श्याम धाम मंदिर पर चल रहे वार्षिकोत्सव में नानीबाई के मायरे की कथा सुनाते हुए व्यक्त किए। संयोजक महंत नीलू बाबा ने बताया कि वार्षिकोत्सव में रविवार को भी महायज्ञ में बैठने वाले और आहुतियां समर्पित करने वाले भक्तों में होड़ सी मची रही। आचार्य पं.मुकेश उपाध्याय एवं पं. पवन तिवारी के निर्देशन में गंगा दशहरे के उपलक्ष्य में गंगा मैया और गो माता का पूजन भी किया गया।

यजमान राजकिशोर शर्मा, अशोक शर्मा, गणेश शर्मा एवं शीतल अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में भक्तों ने गंगा मैया और गो माता का पूजन कर समाज में शांति और सद्भाव के लिए कामना की। महायज्ञ में आज भी आहुतियों का क्रम जारी रहा। कथा में व्यासपीठ का पूजन महामंडलेश्वर स्वामी गोपालदास महाराज के सान्निध्य में उमेश अग्रवाल, प्रहलाद गेंदर, दीपक अग्रवाल, उमेश यादव, अविनाश कौशल, जगदीश शर्मा, मलखानसिंह ठाकुर, ललित चावड़ा, श्यामसुंदर सोनी, धीरेन्द्र जायसवाल, अशोक सोलंकी आदि ने किया।

मातृशक्ति की ओर से दीपा चौहान, गंगा जैन, मालती जायसवाल, चंदा अग्रवाल आदि ने संतों एवं अतिथियों की अगवानी की। खाटू श्याम अखाड़े के महामंडलेश्वर ऋषिदास महाराज, महामंडलेश्वर पंकज दास, महामंडलेश्वर कवितादास, महामंडलेश्वर नलिनीदास एवं महामंडलेश्वर गोपाल दास महाराज ने श्याम बाबा का श्रृंगार किया। सोमवार को सुबह 8 बजे खाटू श्याम अखाड़े के महामंडलेश्वर राघवेन्द्रदास एवं अंतर्राष्ट्रीय किन्नर अखाड़े के महामंडलेश्वर भी मंदिर पहुंचकर श्याम बाबा का श्रृंगार करेंगे।




मप्र आयुष निर्माता संघ की कार्यशाला ...

# यदि हम समय के साथ नहीं चले तो पीछे रह जाएंगे : महामंडलेश्वर दादू महाराज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **म.प्र.आयुष निर्माता संघ द्वारा औषधि निर्माताओं, विक्रेताओं और आयुर्वेद चिकित्सकों की विस्तृत कार्यशाला का आयोजन ए.बी. रोड स्थित एक होटल पर आयुष विभाग के उप संचालक डॉ. पी. शर्मा के मुख्य आतिथ्य एवं महामंडलेश्वर दादू महाराज की अध्यक्षता में किया गया। इस अवसर पर लघु उद्योग भारती के महेश गुप्ता, कोलकाता के डॉ. पवन शर्मा, अष्टांग आयुर्वेद कालेज के प्राचार्य डॉ. ए.के. चौहान अतिथि के रूप में उपस्थित थे।**

संघ के अध्यक्ष राजेश सेठिया एवं सचिव ऋषभ पाटनी ने बताया कि कार्यशाला में डॉ. पी. सी. शर्मा ने औषधि निर्माताओं से औषधि की गुणवत्ता सुनिश्चित करने का आग्रह किया। महामंडलेश्वर दादू महाराज ने कहा कि - यदि हम समय के साथ नहीं चले तो पीछे रह जाएंगे।

इस अवसर पर 60 से ज्यादा डिजिटल शोध करने वाले पुणे के संजय राणे ने अपने व्यापार को विश्व स्तर पर बढ़ाने की विभिन्न पद्धतियों को साफ्टवेयर के माध्यम से बताया। लघु उद्योग भारती के महेश गुप्ता ने निर्माताओं को प्लांट लगाने के लिए अपने संगठन की ओर से हर संभव सहयोग देने तथा 40 से अधिक देशों से डिजिटल प्लेटफार्म से जुड़ी संस्था इंडिपेंडेंस रिसर्च एथिक्स सोसाइटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. पवन शर्मा ने म.प्र. शाखा के पदाधिकारियों की घोषणा की। तदानुसार भोपाल के डॉ. पी.सी. शर्मा इस संस्था का नेतृत्व करेंगे।

### वरिष्ठ औषधि विक्रेताओं और चिकित्सकों का हुआ सम्मान

उपाध्यक्ष के रूप में राजेश सेठिया एवं अजय दसौंधी तथा महासचिव के रूप में ऋषभ पाटनी, सहायक महासचिव आशीष दुबे तथा अन्य पदाधिकारियों के लिए अक्षय सेठी, अखिलेश शर्मा, पुखराज पामेचा एवं प्रतिक सेठिया का मनोनयन करने की घोषणा की। यह संस्था हर जिले में अपनी शाखा का गठन करेगी और सभी को 40 देशों के प्लेटफार्म उपलब्ध कराने में मदद करेगी। कार्यक्रम में वरिष्ठ औषधि विक्रेताओं और चिकित्सकों का सम्मान भी किया गया। सचिव ऋषभ पाटनी ने पिछले वर्ष की गतिविधियां बताई। संचालन आशीष दुबे ने किया व आभार पुखराज पामेचा ने माना। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में आयुर्वेद निर्माता, विक्रेता एवं चिकित्सक उपस्थित थे। अध्यक्ष राजेश सेठिया ने इस मौके पर घोषणा की कि उनकी संस्था जल्द ही बड़े स्तर पर आयुष मेले का आयोजन करेगी।

## विमेंस इंडियन चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री द्वारा नेशनल कॉन्फ्रेंस का आयोजन ...

# महिलाओं को समान अधिकार देने वाले बनने चाहिए कानून : इंदिरा बैनर्जी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। युथ एंड कम्युनिटी एम्पावरमेंट कॉउंसिल , मध्य प्रदेश की स्टेट प्रेसिडेंट, निवेदिता चौहान द्वारा और सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया अधिवक्ता, अभिनव मिश्रा के सहयोग से रविवार को इंदौर में नेशनल कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम नेशनल कमिशन फॉर वीमेन, गवर्नमेंट ऑफ इंडिया से एफिलिएटेड हैं। वेलेडिक्टरी सेरेमनी की मुख्य अतिथि पूर्व लोकसभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन रही। इंदौर हाई कोर्ट के जस्टिस और एडमिनिस्ट्रेटिव चीफ जस्टिस सुश्रुत अरविंद धर्माधिकारी भी कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में शामिल थे। पहला पैनल डिस्कशन फाइनेंशियल इंक्लूजन ऑफ वूमेन विषय पर चर्चा हुई। इसमें रिटायर्ड सुप्रीम कोर्ट जस्टिस इंदिरा बैनर्जी, दिल्ली हाई कोर्ट की सिटींग जस्टिस नीना बंसल कृष्णा, नेशनल कमीशन फॉर वूमेन की मेंबर श्रीमती ममता कुमारी, सीएएम की फॉर्मर पार्टनर गवर्नमेंट ऑफ इंडिया की स्टैंडिंग कॉउंसिल श्री राधिका दुबे, और अवॉर्ड विनिंग डायरेक्टर और राइटर डीवा शाह पैनल शामिल हुई। इस दौरान सुप्रीम कोर्ट जस्टिस इंदिरा बैनर्जी ने कहा कि महिलाएं घर तक ही सीमित नहीं है। इसका मतलब ये नही है कि उन्हें खाना नही बनाना है या बच्चों को नहीं पालना है। यह मानसिकता बदलने की जरूरत है कि महिला और पुरुष का काम अलग अलग गई। दूसरे पैनल डिस्कशन में पद्मश्री अवॉर्ड से सम्मानित अंतर्राष्ट्रीय एक्टिविस्ट और एकैडमिशियन पैम राजपूत, दिल्ली हाई कोर्ट की सिटींग जस्टिस रेखा पल्ली , एमपी की आईपीएस और स्पेशल डीजीपी अनुराधा शंकर, एनसीडबल्यू की चेयरपर्सन रेखा शर्मा, टीवी नेटवर्क और इंडिया टुडे की सीनियर जर्नलिस्ट, अदिति नारायणनन, फीनिक्स लीगल पार्टनर नेहा नाइक , सिंधिया कन्या विद्यालय, ग्वालियर की प्रिंसिपल एवं श्रीमती सुषमा स्वराज स्त्री शक्ति सम्मान 2022 से सम्मानित निशि मिश्रा,चीनू काला-फाउंडर रुबान्स ने हिस्सा लिया। इस पैनल में ह्यइक्वल पे फॉर मेन एंड वूमेन विषय पर चर्चा हुई।

# विधायक उषा ठाकुर ने किया गंगा माता पूजन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**महू**। जनपद पंचायत क्षेत्र के ग्राम मलेंडी में गंगा दशमी के पावन अवसर पर विधायक उषा ठाकुर, जनपद अध्यक्ष सरदार मालवीय, उपाध्यक्ष बीरबल डावर की उपस्थिति में हनुमान मंदिर के समीप मां गंगा का पूजन घाट पर ग्राम मलेंडी के ग्रामीण जनों के द्वारा विधि विधान पूर्वक किया गया जिसमे ग्राम की महिला, बच्चियां अपने सिर पर पवित्र गंगा जल से भरे कलश लेकर धूम धाम ग्राम की मुख्य नदी मे गंगा जल अर्पित किया गया जिसमे विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की गई विधायक महोदया द्वारा समस्त ग्रामीण जनों को पोधा रोपण एवम् जल के पुराने स्त्रोत धरोहर को सामल कर के रखने की शपथ दिलवाई गई ग्राम के सरपंच राकेश ने कार्यक्रम मे पधारे सभी का आभार माना कार्यक्रम मे मुख्यता ग्राम मलेंडी के पूर्व सरपंच तुलसीराम बनारसी जिला पंचायत सदस्य वर्मा भगवान दास बनारसी मनोज शर्मा मूलचंद श्री राम गेहलोद ग्राम मलेंडी के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# विधायक ने बिजली विभाग के अधिकारियों की बैठक ली

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **कार्यालय नगर परिषद महूगांव में क्षेत्रीय विधायक सुश्री उषा ठाकुर द्वारा बिजली विभाग के अधिकारियों की बैठक ली, जिसमें, विधायक द्वारा बिजली विभागसे संबंधित शिकायतों का निराकरण किया गया।**

साथ ही संपूर्ण मह ूविधानसभा क्षेत्र म ेंस्थाई डीपी लगाने हेतु निर्देशित किया तथा नगर परिषद महूगांव के 15 वार्डो में बिजली विभाग सें संबंधित शिकायतों का निराकरण कराया गया, जिसमें पार्षदगणों द्वारा भी अपने-अपन ेवार्डों में बिजली विभाग से संबंधित शिकायतों से विधायक को अवगत कराया गया तथा विधायक द्वारा गोशाला डेम का भी निरीक्षण किया गया।

उक्त बैठक में नगरपरिषद अध्यक्ष नवीन तिवारी, उपाध्यक्ष लक्ष्मीनारायण पंवार,मंडल अध्यक्ष राय बहादुर तंवर एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी विरेन्द्र सिंह राठौड़, पार्षदगण पंकज श्रीवास, राहुल द्विवेदी, ईश्वरचंद्र त्यागी, डॉ. प्रशांत दुबे, अजय चौधरी, दिपक पंडोले, जगदीश पाटील, उमेश परिहार, नेतलाल भलावी, आशीष शास्त्री, गोंविद शेखावत, सुधीर पांडे, सुमित पाठक, निटील शर्मा, चतुर्भुज पंवार,अशोक यादव आदि उपस्थित थे।

# युगलों ने लिया फलदार-छायादार पौधे लगाने का आठवां फेरा

## विश्व ब्राह्मण समाज संघ की मेजबानी में हुआ सामूहिक विवाह




@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। विश्व ब्राह्मण समाज संघ की मेजबानी में रविवार को छोटा बांगड़दा रोड स्थित बाबाश्री रिसोर्ट 21 युगलों के परिणय बंधन का साक्षी तो बना ही, साथ ही इन युगलों ने आठवां फेरा पर्यावरण के संरक्षण के लिए भी लिया। शंख ध्वनि के बीच जैसे ही 11 विद्वानों ने इन युगलों के विवाह कार्यक्रम का शुभारंभ किया, समूचा परिसर नवयुगलों और उनके मेहमानों की उत्साहपूर्ण खुशियों से झूम उठा।

पहले चरण में 11 युगलों के विवाह तो संपन्न हो ही गए, 10 उन युगलों को भी गृहस्थी चलाने योग्य सामग्री भेंट की गई, जिनके विवाह हो चुके हैं या निकट भविष्य में होने वाले हैं। आयोजन समिति के प्रमुख एवं विश्व ब्राह्मण समाज संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. योगेन्द्र महंत, प्रमुख संयोजक राजेश बंसल, स्वागताध्यक्ष जगदीश गोयल बाबाश्री, संयोजकद्वय राजेश गर्ग एवं शिव जिंदल ने बताया कि विश्व ब्राह्मण समाज संघ की ओर से बाबाश्री रिसोर्ट पर इस सामूहिक विवाह की तैयारी पिछले कई दिनों से चल रही थी। रविवार की सुबह 11 नवयुगलों एवं उनके मेहमानों ने रिसोर्ट पहुंचकर अपनी परंपरागत रस्मों का पालन किया और शोभायात्रा के लिए तैयार हो गए। सांसद शंकर लालवानी, भाजपा नेता स्वप्निल कोठारी, समाजसेवी विष्णु बिंदल, बालकृष्ण छावछरिया, अरविंद बागड़ी, अशोक चौहान चांदू, यश भूषण जैन पिंकी, सौरभ मिश्रा अतिथि के रूप में मौजूद रहे। शहर के खजराना गणेश मंदिर के पुजारी पं. अशोक भट्ट, रणजीत हनुमान मंदिर के पुजारी पं. दीपेश व्यास और वीर अलीजा हनुमान मंदिर के प्रमुख पं. पवनानंद महाराज (छोटे सरकार), म.प्र. ज्योतिष एवं विद्वत परिषद के अध्यक्ष आचार्य पं. रामचंद्र शर्मा 'वैदिक' सहित अनेक प्रमुख मंदिरों के पुजारियों ने मेहमानों के साथ नाचते-गाते हुए अपनी खुशियां व्यक्त की और नवयुगलों को ढेरों उपहारों एवं सुहाग सामग्री सहित आशीर्वाद भी प्रदान किए। आयोजन समिति ने अगले वर्ष 51 जोड़ों के सामूहिक विवाह की घोषणा भी की।

## इंदौर में बोले मुख्यमंत्रीः

# महाकाल लोक में लगेंगी ठोस प्रतिमाएं मालवा उत्सव को दिया जाएगा विस्तार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **लोक कला और संस्कृति के व्यापक प्रसार में मालवा उत्सव का विशेष महत्व है। मालवा उत्सव को और विस्तार दिया जाएगा। यह बात मुख्यमंत्री डा मोहन यादव ने आज इंदौर में आयोजित मालवा उत्सव में कही। डा यादव ने कहा मालवा की कला और संस्कृति का दुनियाभर में व्यापक प्रसार हो इसके लिए भी विशेष प्रयास किए जाएंगे। कला और संस्कृति से एक से दूसरे देश को तथा मानव सभ्यता को जोड़ने में विशेष महत्व रहता है।**



उन्होंने कहा मां अहिल्या द्वारा स्थापित संस्कृति की ध्वज पताका आज भी फहरा रही है। उन्होंने यह भी बताया कि उज्जैन महाकाल लोक में ठोस पत्थर की प्रतिमाएं स्थापित की जा रही हैं। गौरतलब है कि कुछ समय पहले महाकाल लोक में स्थित सप्तऋषि की प्रतिमाएं आंधी तूफान में गिर गई थी जिसके बाद देशभर में भक्तों ने रोष जताया था। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र के लोक संस्कृति दलों द्वारा नृत्य की प्रस्तुति दी गई। इंदौर से श्रुति शर्मा, मेघा शर्मा के मार्गदर्शन में दलों ने कला प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में नव्या चौरसिया ने कथक नृत्य, डालिया दत्ता ने बंगाली नृत्य पेश किया। इसके अलावा राठवा नृत्य गुजरात, वासावा होली नृत्य गुजरात, बधाई नौरता नृत्य सागर, थात्या नृत्य बैतूल, राम ढोल नृत्य छिंदवाड़ा, लावणी नृत्य मुंबई पेश किया गया। डा गीता शर्मा के इंदौर के दल द्वारा शिव तांडव नृत्य पेश किया गया। मंच को काशी विश्वनाथ मंदिर की प्रतिकृति के रूप में दर्शाया गया। मंच पर भगवान काशी विश्वनाथ मंदिर, भगवान भोलेनाथ का शिवलिंग, भगवान नंदी की प्रतिकृति तैयार की गई जो भव्य मंच को और आकर्षक बना रही थी। भव्य मंच पर कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों को पारंपरिक वेशभूषा, सुमधुर वाद्य यन्त्रों और संगीत पर प्रस्तुत किया।

देश के विभिन्न भागों, लोक संस्कृति के दर्शन मालवा उत्सव के माध्यम से नजर आए। मालवा उत्सव में बड़ी संख्या में आमजन, कलाप्रेमी उपस्थित हुए। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश के जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट, रमेश मेंदोला, गोलू शुक्ला, मालिनी गौड़ उषा ठाकुर, सावन सोनकर, सांसद शंकर ललवानी, महापौर पुष्प मित्र भार्गव, गौरव रणदीवे, अतिरिक्त मुख्य सचिव राजेश राजौरा, पुलिस कमीशनर राजेश गुप्ता, कलेक्टर आशीष सिंह सहित गणमान्यजन उपस्थित थे।

# इंदौर के हरपाल बने श्री गुरु ग्रंथ साहिब वर्ल्ड यूनिवर्सिटी के नए मेम्बर सेक्रेटरी

**इंदौर**। शहर के सिख समाज का नाम देश भर मे गोरांवित करने वाले व मध्यप्रदेश छतीसगढ़ केंद्रीय श्री गुरुसिंघ सभा के अध्यक्ष समाज सेवी हरपाल सिंघ भाटिया को एसजीपीसी (पंजाब)की सबसे बड़ी यूनिवर्सिटी श्री गुरु ग्रंथ साहिब वर्ल्ड यूनिवर्सिटी फतेहगढ़ साहिब द्वारा मेंबर सेक्रेटरी मनोनीत किया गया। इस मौके पर शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी द्वारा उन्हे इस पद की शपथ ग्रहण कराई गई । हरपाल सिंह भाटिया को यह पद उनके द्वारा सामाज में शिक्षा के प्रति जागरूकता बड़ाने के साथ ही शिक्षा के लिए किए जाने वाले नेक कार्यों के लिए दिया गया। इस मौके पर सिख समाज के शिक्षाविद व कालेज के गणमान्य जन मौजूद रहे। इस मौके पर हरपल सिंह भाटिया जी ने समाज में शिक्षा का स्तर बड़ाने व सभी को शिक्षा के प्रति जागरूक करने का वचन भी लिया वे चाहते है की कोई भी व्यक्ति जो पड़ना चाहता है आगे बड़ना चाहता है हम उसकी हर संभव मदद करेंगे। इस उपलब्धि पर मधयप्रदेश सिख समाज द्वारा उन्हे बधाई दी गई और इसी क्रम में आगे कार्य करते रहने के लिए प्रोत्साहित भी किया गया।

# शहर, समाज और इंसानियत में स्वच्छता ईमान वालों की जिम्मेदारी, इस पर मजबूती से अमल करो, काजी ए शहर की ताकीद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। पाकीजगी ईमान का आधा हिस्सा है। इस्लाम जिस आसमानी किताब के इर्द गिर्द चलता है, जिस पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के कहे एक एक लफ्ज को अपना आदर्श मानता है, सबने पाकीज़गी को ईमान का अहम हिस्सा करार दिया है। हमें आज के माहौल में इसका सख्ती से पालन भी करना चाहिए और इसको गंभीरता से अपनाकर समाज में एक आदर्श पेश करना चाहिए।**



काजी ए शहर सैयद मुश्ताक अली नदवी ने सोमवार को ईदगाह में ईद उल अजहा की नमाज अदा करने से पहले अपने बयान (प्रवचन) में लाखों श्रद्धालुओं को यह ताकीद की। ईदगाह में अल सुबह 7 बजे ईद की नमाज का वक्त मुकर्रर किया गया था। नमाज में शामिल होने के लिए लोगों ने वक्त से पहले ही कदम बढ़ा लिए थे। जिसके चलते ईदगाह पहुंचने वाले सभी रास्तों पर नमाजियों का हुजूम उमड़ा दिखाई दिया। साफ सुथरे कपड़े, बदन पर इत्र लगाए और जुबान पर कलमा रखे हुए यह लोग ईदगाह की तरफ बढ़ रहे थे।

**पहले बयान, फिर नमाज और बाद में हुआ खुतबा-** शहर काजी सैयद मुश्ताक अली नदवी ने ईद की नमाज से पहले स्वच्छता, आपसे भाईचारे और सौहाद्र का माहौल बनाए रखने की बात कही। उन्होंने जब नमाज अदा कराई तो हर तरफ सिर्फ उनके मुख से निकलने वाले अल्फाज ही गूंज रहे थे। नमाज के बाद शहर काजी ने खुतबा (इस्लामी संदेश) सुनाया। इस दौरान भी लोग खामोशी से बैठकर इसे सुनते रहे। अंत में काजी ए शहर ने दुआ ए ख़ास कराई। उन्होंने मुल्क और दुनिया के साथ शहर और प्रदेश में खुशहाली, शांति, सौहाद्र की दुआ कराई तो सारा मजमा आमीन की पुकार से गूंजता रहा। नमाज से फारिग होने के बाद लोगों ने एक दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी। इसके बाद लोग अपने घरों की तरफ रवाना हुए।

**चलता रहा नमाज का दौर-** ईद उल अजहा की पहली नमाज ईदगाह में अदा होने के बाद सुबह 7.15 बजे जामा मस्जिद में नमाज हुई। इसके बाद सुबह 7.30 बजे ताजुल मसाजिद में नमाजियों का हुजूम जुटा। यहां भी बड़ी तादाद में नमाजी पहुंचे थे। मोती मस्जिद में सुबह 7.45 बजे नमाज अदा की गई। आरिफ नगर स्थित बिल्किस जहां में सुबह 8 बजे नमाज हुई। इसके अलावा प्रेस कॉम्प्लेक्स, न्यू कबाड़खाना, अशोका गार्डन समेत शहर की सैंकड़ों मस्जिदों में भी ईद की नमाज अदा की गई।

**शुरू हुआ कुर्बानी का सिलसिला-** हजरत इस्माइल की अल्लाह के प्रति आस्था को प्रतीक मानते हुए की जाने वाली कुर्बानी के लिए शहर ने भी अपनी अकीदत दर्शाई। लोगों ने अपनी हैसियत और पसंद के साथ जरूरत के लिहाज से बकरों और पाड़ों की कुर्बानी की। सोमवार सुबह से शुरू हुआ यह सिलसिला बुधवार शाम तक जारी रहेगा। इस बीच लोगों की मेल मुलाकात और दावतों का सिलसिला भी चलता रहेगा।

**तोप से दी नमाज होने की जानकारी-** ईदगाह में नमाज अदा होने के बाद जामा मस्जिद, ताजुल मसाजिद और मोती मस्जिद के अलावा शहर की अन्य मस्जिदों में ईद की नमाज होना थी। ईदगाह की नमाज मुकम्मल हो जाने के बाद इसकी सूचना तोप के गोले दागकर दी गई। ताकि बाकी मस्जिदों में नमाज की तैयारी की जा सके। साथ ही नमाजी भी इस लिहाज से समयानुसार मस्जिद तक पहुंच सकें।

**एक रास्ते से आमद, दूसरे से वापसी-** ईदगाह की नमाज में शामिल होने के लिए अकीदतमंदों के हुजूम अल सुबह से ही मंजिल की तरफ बढ़ने लगे थे। सिर पर टोपी, बदन पर नए नवेले कपड़े, महकती खुशबू और जुबां पर अल्लाह का जिक्र लिए लोग हर तरफ दिखाई दे रहे थे। इस्लामी मान्यता अनुसार इनका वापसी का रास्ता कुछ बदला हुआ था।

**ईदगाह से जुगलबंदी करते दिखाई दिए अन्य धार्मिक स्थल-** जिस समय ईदगाह पर नमाज की तैयारी हो रही थी पास ही स्थित गुफा मंदिर से घंटियों और भजन की धीमी आवाज सुनाई दे रही थी। दूसरी तरफ ईदगाह हिल्स पर ही स्थित नानक साहब गुरुद्वारा में भी गुरुवाणी गूंज रही थी। जबकि ईदगाह के निचले हिस्से में स्थित कोहेफिजा के आर्च बिशप हाउस के चर्च में ईसाई धर्मावलंबी अपनी प्रेयर में तल्लीन थे।

### झलकियां

1. ईदगाह में नमाज अदा करने के लिए लोग अल सुबह से ही पहुंचना शुरू हो गए थे।
2. एक लाख से ज्यादा क्षमता वाली ईदगाह नमाजियों से खचाखच भर गई तो बाद में आने वाले लोग पार्किंग और देरी से आने वाले आसपास की सड़कों पर ही नमाज के लिए कतारबद्ध हो गए।
3. ईदगाह की नमाज में शामिल न हो पाए लोगों ने पहले जामा मस्जिद की दौड़ लगाई। इससे भी बाकी रह गए लोगों ने ताजुल मसाजिद और मोती मस्जिद की तरफ बढ़ते गए।
4. नमाज के बाद एक साथ कई मस्जिदों से नमाजियों का निकलना शुरू हुआ तो पुराने शहर के अधिकांश इलाकों में जाम के हालत बन गए।

---

**नर्सिंग फर्जीवाड़ा**

## 169 सुटेबल कॉलेजों की दोबारा जांच के आदेश पर SC का दखल देने से इंकार, याचिका खारिज



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश में चर्चित नर्सिंग कॉलेज फर्जीवाड़े में नया मोड़ आ गया है। सुप्रीम कोर्ट ने मामले से संबंधित एक याचिका खारिज कर दी है। सुप्रीम कोर्ट ने 169 सुटेबल कॉलेज की दोबारा जांच के हाईकोर्ट के आदेश को लेकर दखल देने से इंकार कर दिया है।

बता दें कि लगभग दो दर्जन निजी कॉलेजों ने एमपी हाईकोर्ट के 30 मई के दोबारा जांच वाले आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी।

गौरतलब है कि हाईकोर्ट ने 169 सुटेबल पाए गए कॉलेजों की दोबारा जांच के आदेश दिए थे। न्यायिक अधिकारी भी जांच में शामिल किए गए थे। हाईकोर्ट में 30 मई की सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता लॉ स्टूडेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष एडवोकेट विशाल बघेल की ओर से आवेदन पेश किया गया था कि सीबीआई जांच में गड़बड़ी और रिश्वत का मामला सामने आने के बाद सुटेबल पाए गए कॉलेजों की जांच विवादित और संदिग्ध हो चुकी है।

इस पर हाईकोर्ट ने सीबीआई द्वारा सूटेबल पाए गए 169 कॉलेजों की दोबारा जांच के आदेश दिए थे। साथ में संबंधित जिले के न्यायिक अधिकारी भी सम्मिलित होने और वीडियोग्राफी करने के भी आदेश दिए थे। इसी आदेश को प्राइवेट नर्सिंग कालेजों द्वारा सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई थी।

---

# पुलिस के शिकंजे में गेमिंग सट्टे का मुख्य सरगना पीयूष, आईटी के बाद अब ईडी करेगी जांच

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन।** गेमिंग सट्टे के मुख्य सरगना पीयूष चोपड़ा के हिरासत में आने के बाद पुलिस यह मान रही है कि जल्द ही कुछ ऐसे लोगों का भंडाफोड़ होगा जो की गेमिंग सट्टे के नाम पर करोड़ों के वारे न्यारे कर रहे थे। वैसे इस बारे में पुलिस तो कुछ भी बताने को तैयार नहीं है, लेकिन सोर्स बताते हैं कि पीयूष के अलावा पकड़े गए 9 आरोपियों को रोजाना मेडिकल के लिए अस्पताल ले जाया जा रहा है।

नीलगंगा थाने की बात की जाए तो यहां पर पुलिस का पहरा बढ़ा दिया गया है और हर आने जाने वाले पर कड़ी निगाह रखी जा रही है। बताया जाता है कि आज दोपहर को इनकम टैक्स के कुछ अधिकारियों ने सभी आरोपियों से पूछताछ की थी। लेकिन अभी उन्हें चाही गई जानकारी नहीं मिल पाई है।



पीयूष चोपड़ा की गिरफ्तारी के बारे में आईजी संतोष कुमार सिंह ने बताया कि छापामारी के बाद से ही लगातार पुलिस की टीम उसे खोजने में लगी हुई थी, इसीलिए उसे जल्द से जल्द गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने बताया कि अभी पीयूष से पूछताछ जारी है, इसके बाद यह पता चल पाएगा कि पीयूष के संपर्क देश-विदेश के किन-किन लोगों के साथ थे और वह किन के साथ मिलकर गेमिंग सट्टा करता था।

बताया जाता है कि पुलिस गेमिंग सट्टे के मुख्य सरगना पीयूष चोपड़ा के साथ ही अन्य 9 आरोपियों के अपराधिक रिकॉर्ड खंगाल रही है। नीमच के साथ ही पुलिस ने राजस्थान, पंजाब, लुधियाना में भी यह पता करने की कोशिश की है कि पकड़े गए आरोपियों पर कितने अपराध दर्ज है।

बताया जाता है कि आज नीलगंगा थाना पुलिस को गेमिंग सट्टे के मुख्य सरगना पीयूष चोपड़ा को न्यायालय में पेश करना था, लेकिन पीयूष को ना तो मेडिकल के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया और ना ही न्यायालय में पेश किया गया। इस मामले में पुलिस पीयूष को न्यायालय में पेश कर उसकी डिमांड मांगेगी जिससे कि पता चल सके की पीयूष के संपर्कों के तार आखिर किस-किस से जुड़े हुए हैं।

याद रहे कि पुलिस द्वारा मारे गए छापे के दौरान 14 करोड़ 98 लाख रुपए के साथ ही 7 देश की करेंसी और कई दस्तावेज पुलिस ने जब्त किए हैं। इस मामले में अभी इनकम टैक्स अधिकारी तो जांच कर ही रहे हैं, लेकिन जल्दी ही ईडी की टीम भी उज्जैन आकर जांच शुरू करेगी।

बताया जाता है कि इस मामले में पीयूष की पत्नी और उसके माता-पिता से भी पुलिस अलग-अलग तरीकों से पूछताछ करने में जुटी हुई है। पुलिस का मानना है कि पीयूष की पत्नी के पास भी कई ऐसे कांटेक्ट नंबर है जो कि देश-विदेश के क्रिकेट सट्टा बुकियों के हो सकते है, इसीलिए उनकी भी कॉल डिटेल निकाली जा रही है।

---

## शक और मारपीट से परेशान 58 साल की महिला ने की पति की हत्या, चार दिन तक शव को छिपाया, फिर यह किया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**छिंदवाड़ा।** छिंदवाड़ा जिले में बार-बार के विवाद और शक से परेशान होकर एक आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ने अपने पति की उसी के गमछे से गला घोंटकर हत्या कर दी। हत्या के बाद उसने शव को घर के पीछे ले जाकर सैप्टिक टैंक में फेंक दिया। बदबू फैली तो महिला खुद हत्या की वारदात स्वीकार की, जिसके बाद पुलिस को जानकारी दी गई। इसके बाद पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंचकर शव को निकालकर जांच शुरू की। शव को पोस्टमार्टम के लिए परासिया लाया गया, जहां से छिंदवाड़ा भेज दिया गया। छिंदवाड़ा में फॉरेंसिक एक्सपर्ट की देखरेख में शव का पोस्टमार्टम किया जाएगा।

जानकारी के अनुसार महिला शीला मर्सकोले आंगनवाडी में काम करती है। उसका अपने पति किशोर मर्सकोले से विवाद हुआ। विवाद के बाद उसने 58 वर्षीय किशोर मर्सकोले का उसके गले में पड़े गमछे से गला घोंट दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। हत्या के बाद महिला ने शव को घर के पीछे बने सैप्टिक टैंक में डाल दिया। शव टैंक में छिपाकर उसने ढक्कन बंद कर दिया, जब बदबू फैली, तो उसने परिवार के लोगों को जानकारी दी। परिजनों ने पुलिस को बताया। जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को निकलवाया।

## संपादकीय

### नए सीएम माझी को बड़ी जिम्मेदारी निभानी होगी

नए मुख्यमंत्री के रूप में आदिवासी समाज के मोहन चरण माझी को राज्य की कमान सौंपी गई है। माझी ने शपथग्रहण से पहले ही आदिवासी समाज के कल्याण का संकल्प लिया था, उम्मीद है, वे इसे पूरा करेंगे। हालांकि उन्हें चौबीस वर्ष लंबे नवीन पटनायक के कार्यकाल के प्रभाव से लोगों को बाहर निकालना एक चुनौती होगी। लोगों में नवीन पटनायक के कामकाज को लेकर कोई खास नाराजगी नहीं थी, इसलिए भी माझी को कुछ अलग करके दिखाना होगा। माझी के साथ एक अच्छी बात यह है कि केंद्र में भी उनकी पार्टी की सरकार है, इसलिए योजनाओं और नीतियों के क्रियान्वयन में किसी अड़चन की गुंजाइश नहीं रहेगी। हालांकि नवीन पटनायक के भी केंद्र सरकार के साथ रिश्ते कभी कड़वे नहीं रहे। नवीन पटनायक ने ओड़ीशा को बीमारू प्रदेशों की श्रेणी से बाहर निकालने, वहां के लोगों की गरीबी दूर करने, शिक्षा और चिकित्सा आदि के क्षेत्र में बेहतरी के लिए जो विकास परिजनाएं चलाईं और प्रदेश का विकास किया, उसकी सभी सराहना करते हैं। मगर विकास परियोजनाओं के चलते नियमगिरी जैसे कुछ इलाकों के आदिवासियों की जमीन अधिग्रहण को लेकर जो नाराजगी देखी जा रही थी, उन्हें जरूर माझी सरकार से काफी उम्मीदें हैं। इसके अलावा, एक चुनौती होगी वहां सांप्रदायिक सौहार्द कायम रखने की। नवीन पटनायक सदा एनडीए के साथ रहे, मगर जब कंधमाल में ईसाई मिशनरियों पर हमले हुए तो वे उससे अलग हो गए थे। ओड़िया समाज पर इसका बहुत असर पड़ा था। माझी सरकार उसे कितना सुरक्षित रख पाती है, यह देखने की बात है। अब भी ओड़ीशा की छवि अत्यंत गरीब और पिछड़े प्रदेश की है, उस छवि को माझी कितना बदल पाएंगे, उनकी कामयाबी इसी से आंकी जाएगी।

**अर्ज किया है..!**

*हाए क्या दौर-ए-ज़िंदगी गुज़रा*
*वाक़िए हो गए कहानी से*

*- गुलज़ार देहलवी*

**OSHO**
कहिन

**परेशान ना हुआ करो सब की बातों से... कुछ लोग पैदा ही बकवास करने को होते हैं...**



**सैर सपाटा**

# ये हैं भारत के 5 बेहद खूबसूरत झरने
## भीड़भाड़ से दूर यहां बिताएं सुकून के पल



हरियाली से घिरा हुआ और चट्टानी चट्टानों से गिरता पानी देखने में काफी खूबसूरत लगता है। हर साल 16 जून को अंतर्राष्ट्रीय वॉटरफॉस डे मनाया जाता है। ऐसे में इस मौके पर हम बता रहे हैं कुछ बेहद खूबसूरत और सीक्रेट वॉटरफॉल के बारे में। जिन्हें देखने के बाद आपका मन खुश हो जाएगा। यहां आप सुकून के पल भी बिता सकते हैं।

### 1) धुआंधार वॉटरफॉल

नर्मदा नदी द्वारा पोषित इस खूबसूरत झरने का नजारा शहरवासियों के लिए बेहद मनमोहक होगा। भेड़ाघाट जिले में स्थित यह झरना हरे-भरे पेड़ों और झाड़ियों से घिरा है। पानी के फ्लो के कारण, यह धुंध पैदा करता है जिसे कभी-कभी धुएं का झरना भी कहा जा सकता है। यहां घूमने के लिए जून से नवंबर। का महीना सबसे अच्छा है।

### 2) दूधसागर फॉल्स

दूधसागर फॉल्स 1017 फीट की ऊंचाई के साथ भारत के सबसे बड़े झरनों में से एक है। यह झरना देखने लायक है क्योंकि ऊंचाई से गिरता पानी नीचे दूधिया झाग के बादल बनाता है। यह झरना मानसून के दौरान जाने के लिए एक अच्छी जगह है। आप यहां नवंबर से फरवरी या मानसून के दौरान जून से सितंबर। में जा सकते हैं।

### 3) नोहकालिकाई झरना

नोहकालिकाई झरना को सात बहनों के झरने के नाम से भी जाना जाता है क्योंकि यहां हरे-भरे जंगलों के बीच 70 मीटर की ऊंचाई से सात धाराएं गिरती हैं। यह भव्य झरना भारत का चौथा सबसे ऊंचा झरना माना जाता है, यहां घूमने का सबसे अच्छा समय नवंबर से फरवरी है।

### 4) अथिरापल्ली झरना

मानसून के दौरान दोस्तों या परिवार के साथ समय बिताने के लिए यह एक अच्छी जगह है। अथिराप्पिल्ली झरने हरे-भरे जंगल से घिरे केरल के सबसे बड़े झरनों में से एक हैं। इस झरने को 'भारत में नियाग्रा' भी कहा जाता है। यहां घूमने का सबसे अच्छा समय जून से सितंबर का है।

### 5) शिवानासमुद्र

कर्नाटक में शिवसमुद्रम झरना मध्य जिले के खूबसूरत झरनों में से एक है। चट्टानी चट्टानों से नीचे गिरता हुआ यह झरना फोटोग्राफी प्रेमियों और उत्साही लोगों के लिए एक अच्छी जगह है। यह भारत का दूसरा सबसे बड़ा झरना है, इसलिए यहां एक बार जाने का प्लान जरूर बनाएं। जून से अक्टूबर का महीना यहां घूमने के लिए बेस्ट है।

Paschim bangal

# कोलकाता में BJP दफ्तर के बाहर मिला बम? मचा हड़कंप, जांच में क्या पता चला



**पश्चिम बंगाल, (एजेंसी)** पश्चिम बंगाल के कोलकाता में कल रात बीजेपी दफ्तर में बम जैसी चीज मिलने के बाद हड़कंप मच गया। हालांकि बम निरोधक दस्ते ने जांच के बाद यह जानकारी दी कि वह संदिग्ध चीज बम नहीं थी। बम मिलने की सूचना के बाद कोलकाता पुलिस के बम निरोधक दस्ते की टीम और डॉग स्क्वायड यहां पहुंचे थे। पुलिस के मुताबिक एक साजिश के तहत बम जैसी चीज को रस्सी में लपेटकर सड़क के बीच रख दिया गया था और इसे बम बताया गया था। पुलिस घटना के बाद छानबीन कर रही है। स्थानीय पुलिस सीसीटीवी फुटेज की भी जांच कर रही है।

पुलिस का कहना है कि इस अफवाह के पीछे की वजह पश्चिम बंगाल में चुनावों के दौरान हुए हिंसा की जांच के लिए बनाई गई टीम को डराना था। गौरतलब हो कि लोकसभा चुनावों में पश्चिम हुई हिंसक घटनाओं की जांच के लिए बीजेपी ने चार सदस्यों की एक समिति का गठन किया है। समिति में पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद, त्रिपुरा के पूर्व सीएम बिप्लब कुमार देब, बृजलाल और कविता पाटीदार शामिल हैं।

रविवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए रविशंकर प्रसाद ने चुनाव पूरे देश में हुए, लेकिन हिंसा की खबरें सिर्फ पश्चिम बंगाल से ही आईं। उन्होंने कहा, पूरे देश में चुनाव होते हैं, लेकिन चुनाव के बाद सिर्फ बंगाल में ही हिंसा क्यों होती है? यहां ग्राम पंचायत चुनाव और विधानसभा चुनाव के दौरान भी हिंसा हुई थी। आज फिर हिंसा की खबरें आई है।

New Delhi

## भीषण गर्मी और लू का प्रकोप, पारा 45 डिग्री पार; दो दिन बाद हो सकती है हल्की बारिश



**नई दिल्ली, (एजेंसी)** दिल्ली, यूपी, बिहार, हरियाणा, पंजाब समेत उत्तर-पश्चिम भारत के करीब एक दर्जन राज्य भीषण गर्मी और लू से बेहाल हैं और फिलहाल उन्हें कोई खास राहत मिलती भी नहीं दिख रही। दिल्ली में रविवार को पारा 44.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो सामान्य से छह डिग्री अधिक रहा। वहीं, यूपी के अधिकांश हिस्सों में अधिकतम तापमान 45 डिग्री के पार रहा। मौसम विभाग का अनुमान है कि दो दिन बाद हल्की-फुल्की बारिश से इन राज्यों को थोड़ी राहत मिल सकती है। मौसम विभाग की तरफ से जारी पूर्वानुमान के मुताबिक, प्रचंड गर्मी अभी पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ और दिल्ली को 17 जून और यूपी के अधिकांश हिस्सों को 17-18 जून तक इसी तरह सताएगी। जम्मू, हिमाचल प्रदेश, उत्तरी राजस्थान, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ आदि में अगले एक-दो दिन कमोबेश यही स्थिति रहेगी। पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ और उत्तर प्रदेश के अधिकांश इलाकों में अभी रात के तापमान में भी कोई खास कमी आने के आसार नहीं हैं। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक, उत्तरपूर्वी असम और उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल में दो अलग-अलग चक्रवाती प्रसार सक्रिय हैं जिसकी वजह से पूर्वोत्तर के अधिकांश इलाकों में अगले पांच दिनों में झमाझम बारिश हो सकती है। खासकर असम और मेघालय, अरुणाचल में भारी बारिश होने के आसार हैं। इस दौरान गरज, चमक के साथ 30-40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलेंगी।

Jammu & Kashmir

## कश्मीर के बांदीपोरा में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में आतंकी ढेर, सेना को ड्रोन से दिखा शव

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** उत्तरी कश्मीर के बांदीपोरा जिले में आतंकियों के साथ मुठभेड़ में एक आतंकी को ढेर कर दिया गया. इस इलाके में दो आतंकियों के छिपे होने की खबर मिली थी, जिसके बाद सुरक्षाबलों ने ये कार्रवाई की.

ये मुठभेड़ बांदीपोरा के अरागम इलाके में रविवार देर रात शुरू हुई थी. सुरक्षाबलों ने इलाके को चारों तरफ से घेरकर तलाशी अभियान शुरू किया. ड्रोन के जरिए इलाके में आतंकी के शव का पता चला. ढेर आतंकी के हाथ में एम4 राइफल भी देखी गई. जम्मू क्षेत्र में आतंक की एक के बाद एक चार घटनाएं होने के बाद चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान आज जम्मू में सुरक्षा स्थिति का जायजा लेंगे. वह नगरौटा में व्हाइट नाइट कॉर्प्स के साथ महत्वपूर्ण बैठकों की अध्यक्षता भी कर सकते हैं. केंद्रीय गृह मंत्रालय ने रियासी बस पर हुए आतंकी हमले की जांच एनआईए को सौंपी है, जिसका नोटिफिकेशन जारी कर दिया गया है. एनआईए ने इस मामले में यूएपीए के तहत एफआईआर दर्ज की है.

Uttarpradesh

## यूपी के सिनेमा हॉल में लगी भीषण आग, मिनटों में सब कुछ जलकर हो गया खाक



**शाहजहांपुर, (एजेंसी) उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर में एक सिनेमा हॉल में भीषण आग लग गई. आग लगने से सिनेमाघर में अफरातफरी मच गई और मनटों में सबकुछ जलकर खाक हो गया. आग लगने की वजह बिजली में शॉर्ट सर्किट बताई जा रही है. इस सिनेमा हॉल का नाम अंबा सिनेप्लेक्स है.**

आग इतनी भीषण थी कि उसकी लपटें कई मीटर तक उठती हुई दिखाई दे रही थी. फिलहाल दमकल की आधा दर्जन गाड़ियां आग बुझाने में जुटी रही. यह भीषण आग कोतवाली क्षेत्र के अंबा सिनेमा घर की है जहां रात 11:00 बजे सिनेमा घर के अंदर बिजली के तारों में जबरदस्त शॉर्ट सर्किट हुआ. शॉर्ट सर्किट से आग लग गई. बताया जा रहा है कि फिल्म का शो खत्म हो चुका था जिसके बाद करीब आधे घंटे बाद जब सिनेमा हॉल के कर्मचारी बाहर बैठे हुए थे तभी शॉर्ट सर्किट से आग लग गई. देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया, आग ने सिनेमा घर की कुर्सियों और पूरे हॉल को अपनी चपेट में ले लिया. पुलिस ने आने-जाने वाले रास्तों को बंद कर दिया है. आग लगने की सूचना के बाद मौके पर पहुंची आधा दर्जन दमकल की गाड़ियों ने आग पर काबू पाने की कोशिश की लेकिन आग इतनी भीषण थी कि उस पर काबू पाने के लिए दमकल कर्मियों को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी. देर रात तक सिनेमा घर में आज की लपटें उठती रही लेकिन बाद में उसे बुझा दिया गया.

खेल

# टी20 वर्ल्ड कप सुपर-8 का शेड्यूल आया सामने, रोहित शर्मा एंड ब्रिगेड की भिड़ंत इन 3 टीमों से



**नई दिल्ली, (एजेंसी)** टी20 वर्ल्ड कप 2024 सुपर-8 का शेड्यूल सामने आ गया है। बांग्लादेश टूर्नामेंट के अगले दौर में पहुंचने वाली आखिरी टीम बनी है। नेपाल के खिलाफ एतिहासिक जीत दर्ज करते हुए उन्होंने भारत, यूएसए, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, वेस्टइंडीज, अफगानिस्तान और साउथ अफ्रीका के साथ सुपर-8 में अपनी जगह बनाई है। सुपर-8 के मुकाबले 19 जून से शुरू होंगे जो 24 जून तक चलेंगे। इन 8 टीमों को 4-4 के दो ग्रुप में बांटा गया है। इनमें से 4 टीमें सेमीफाइनल में अपनी जगह बनाएगी। टी20 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल 27 जून को खेले जाएंगे, वहीं खिताबी जंग 29 जून को होगी। आइए टी20 वर्ल्ड कप 2024 सुपर-8 के शेड्यूल और अन्य चीजों पर एक नजर डालते हैं।

### टी20 वर्ल्ड कप 2024 सुपर-8 ग्रुप

ग्रुप-1- भारत, ऑस्ट्रेलिया, अफगानिस्तान, बांग्लादेश

ग्रुप-2- इंग्लैंड, वेस्टइंडीज, साउथ अफ्रीका, यूएसए

### टी20 वर्ल्ड कप 2024 सुपर-8 शेड्यूल

ग्रुप-1 शेड्यूल

20 जूनः अफगानिस्तान बनाम भारत, ब्रिजटाउन, बारबाडोस (रात 8 बजे से)

20 जूनः ऑस्ट्रेलिया बनाम बांग्लादेश, नॉर्थ साउंड, एंटीगुआ (21 जून सुबह 6 बजे से)

22 जूनः भारत बनाम बांग्लादेश, नॉर्थ साउंड, एंटीगुआ (रात 8 बजे से)

22 जूनः अफगानिस्तान बनाम ऑस्ट्रेलिया, अर्नोस वेल, सेंट विंसेंट (23 जून सुबह 6 बजे से)

24 जूनः ऑस्ट्रेलिया बनाम भारत, ग्रोस आइलेट, सेंट लूसिया (रात 8 बजे से)

24 जूनः अफगानिस्तान बनाम बांग्लादेश, अर्नोस वेल, सेंट विंसेंट (25 जून सुबह 6 बजे से)

ग्रुप-2 शेड्यूल-

19 जूनः यूएसए बनाम साउथ अफ्रीका, नॉर्थ साउंड, एंटीगुआ (रात 8 बजे से)

19 जूनः इंग्लैंड बनाम वेस्ट इंडीज, ग्रोस आइलेट, सेंट लूसिया (20 जून सुबह 6 बजे से)

21 जूनः इंग्लैंड बनाम साउथ अफ्रीका, ग्रोस आइलेट, सेंट लूसिया (रात 8 बजे से)

21 जूनः यूएसए बनाम वेस्ट इंडीज, ब्रिजटाउन, बारबाडोस (22 जून सुबह 6 बजे से)

23 जूनः यूएसए बनाम इंग्लैंड, ब्रिजटाउन, बारबाडोस (रात 8 बजे से)

23 जूनः वेस्टइंडीज बनाम साउथ अफ्रीका, नॉर्थ साउंड, एंटीगुआ (24 जून सुबह 6 बजे से)

टी20 वर्ल्ड कप 2024 सुपर-8 टीम इंडिया शेड्यूल

20 जूनः अफगानिस्तान बनाम भारत, ब्रिजटाउन, बारबाडोस (रात 8 बजे से)

22 जूनः भारत बनाम बांग्लादेश, नॉर्थ साउंड, एंटीगुआ (रात 8 बजे से)

24 जूनः ऑस्ट्रेलिया बनाम भारत, ग्रोस आइलेट, सेंट लूसिया (रात 8 बजे से)

सिनेमा

## वेलकम 3 पोस्टपोन: क्रिसमस पर गुदगुदाने नहीं आएंगे अक्षय कुमार!




पिछले कुछ दिनों से फिल्मी दुनिया में मूवीज की रिलीज डेट को लेकर हलचल मची हुई है। बॉलीवुड से लेकर साउथ तक की कई फिल्मों की रिलीज डेट अनाउंस हुई तो कुछ पोस्टपोन भी हुई हैं। पिछले कुछ दिनों में बॉक्स ऑफिस पर कई क्लैश भी फाइनल हो चुके हैं। आने वाले स्वतंत्रता दिवस और दिवाली वीकेंड दोनों ही बड़ी फिल्मों के लिए ब्लॉक कर दिए गए हैं। इन दो वीकेंड के खत्म होने से पहले ही अक्षय कुमार और आमिर खान जैसे दिग्गजों ने क्रिसमस की छुट्टियां बुक कर ली थीं, लेकिन अब पता चला है कि काम पूरा ना होने के कारण 'वेलकम 3' दिसंबर में अपनी रिलीज डेट से चूक सकती है। जो लोग नहीं जानते, उन्हें बता दें कि 'वेलकम' फ्रेंचाइजी की तीसरी किश्त का नाम 'Welcome To The Jungle' रखा गया है। अहमद खान के डायरेक्शन में बनी ये फिल्म 2015 की 'वेलकम बैक' की अगली और 2007 की 'वेलकम' की तीसरी कड़ी है। कथित तौर पर यह फिल्म बॉलीवुड की सबसे महंगी फिल्मों में से एक है और इसे बड़े पैमाने पर बनाया गया है, जिसमें सबसे बड़ी कास्टिंग कूप भी शामिल है।

## Highlights

1. **4 Maoists killed in encounter with police in Jharkhand's Chaibasa**
2. **Fortune Dairy's licence suspended after finger found in ice cream**
3. **No resident will be displaced due to Dharavi Redevelopment: Report**
4. **'Vote bank politics linked to minority appeasement,' says NCERT book: Report**
5. **Bidar police enhances security with USA-inspired CC camera project**

# No land transfer to Adani group in Dharavi slum redevelopment project: Report

**NEW DElHI, (Agency).** The world's largest slum redevelopment project involves no land transfer to Special Purpose Vehicle created for the project (SPV) or to the Adani group.

Sources close to the project told ANI that land transfer will be done to Dharavi Redevelopment Project/slum rehabilitation authority (DRP/SRA) which is part of Maharashtra government housing department.

According to the tender documents, DRPPL will pay for the land in lieu of development rights and build facilities like housing, commercials and handover back to the Maharashtra government DRP for allotments as per government schemes. This arrangement ensures that the land remains under government control throughout the process.



The state support agreement which is part of the tender, clearly states that government of Maharashtra has obligation to provide land to their own DRP/SRA department.

The ₹23,000 crore slum redevelopment project comes under controversy after questions were raised on the project to benefit Adani Group.

In a 15th June news report by The Hindustan Times, newly elected Congress MP Varsha Gaikward questioned government land transfer to

Adani for the project "Earlier, the Mulund land was sought for the project. Then, the government allocated salt pan lands in Mumbai for the project. They also want Deonar land now, the government issued an order to hand over the land at Kurla. Why does the government want to transfer so much land to Adani?" said Gaikward.

# Will there be income tax relief in Budget 2024? What CII says

**NEW DElHI, (Agency).** Income tax relief is likely in the upcoming Budget for taxpayers in the lowest slab owing to high level of inflation in the country, CII president Sanjiv Puri said. The industry body head suggested creation of an institutional platform for consensus building between the Centre and states to successfully carry out all reforms in the country.

Talking to new agency PTI, he said, "What we are suggesting is that the process of simplification should continue. There are certain suggestions




relating to capital gains, which are different for different instruments. Can it be rationalised?"

He added, "Over a period of time as far as customs is concerned, we should move to a three-tier structure, primary at the lowest level, intermediates in between and then the finished goods and all over a period of time should be moderate rates with some exclusions, as deemed appropriate."

As per the old regime, income tax exemption limit is applicable on income up to ₹2.5 lakh for individuals while under the new regime, exemption limit is on income up to ₹3 lakh.

# बम फटने से एक बच्चे की मौत, एक गंभीर

## महू के पास आर्मी की हेमा रेंज में बकरी चराने गए थे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। महू के के पास बेरछा गांव में आर्मी की हेमा रेंज में रविवार दोपहर एक हादसा हो गया। यहां आर्मी की रेंज में बकरी चराने के लिए गांव के बच्चे गए थे। इनमें एक की मौत हो गई। वहीं एक गंभीर रूप से घायल हो गया।**

बडगोंदा थाने के अंतर्गत ये रेंज आती है। एडिशन एसपी रूपेश द्विवेदी ने बताया कि ग्राम बेरछा में घटना में एक बच्चे की मौत की पुष्टि हुई है। यह बच्चे आर्मी की हेमा रेंज तरफ बकरी चराने गए थे। तभी एक बम फट गया। इससे 15 वर्षीय विशाल पिता राजेंद्र के चिथड़े उड़ गए। उसके शव का ग्रामीणों ने पुलिस और आर्मी के डर से शाम को अंतिम संस्कार कर दिया। उसके साथ गए 10 वर्षीय श्री राम पिता भवान सिंह को भी बम का झटका लगा है। उसने लंगड़ाते हुए गांव में आकर पूरी घटना की जानकारी दी। थाना प्रभारी लोकेंद्र हिरोरे ने बताया कि बच्चों के परिजनों से पूछताछ कर रहे हैं। बयान के आधार पर ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

इस रेंज में पहले भी हो चुके हैं हादसे

पुलिस का कहना है कि बकरी चराने गए बच्चे कई बार इस प्रतिबंधित क्षेत्र में दाखिल हो जाते हैं और यहां सेना के इस्तेमाल किए गए कारतूस और बम उठाकर ले जाते हैं। कभी-कभी इस्तेमाल के दौरान कुछ बम नहीं फटते लेकिन बाद में बच्चे उसे उठाकर ले जाते हैं और उनमें आग लगा देते हैं। करीब दो साल पहले इसी तरह इस रेंज में बम फटने से दो लोगों की मौत हो गई थी जबकि 14 अन्य घायल हुए थे।

## 10 साल के बच्चे ने लगाई फांसी

**इंदौर**। द्वारकापुरी में अपनी नानी के यहां आए 10 साल के बच्चे ने फांसी लगा ली। उसकी मौत हो गई। छोटे भाई ने उसे देखा तो पिता को जानकारी दी। बताया जाता है कि अन्य बच्चो के साथ क्रिकेट खेलने को लेकर उसकी कहासुनी हुई थी। परिवार ने दोनो बच्चों को समझाया था। द्वारकापुरी पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक 10 साल के कृष्ण उर्फ बबली पुत्र विशाल ने दिग्विजय नगर मल्टी में सुसाइड कर लिया। वह अपनी नानी के यहां था। बताया जाता है कि उसके छोटे भाई ने उसे देखा था। इसके बाद परिवार को सूचना दी।

## दुबई टूर के नाम पर ठगे 9 लाख

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। दुबई टूर के साथ ही कंपनी में निवेश और मोटा मुनाफा कमाने का झांसा देकर एक ट्रेवल संचालक ने एक युवक के 9 लाख रुपए हड़प लिए। क्राइम ब्रांच ने प्रकरण दर्ज किया है।

फरियादी कुणाल पिता दिलीप पारेख निवासी महादेव तोतला नगर है। उनकी शिकायत पर आरोपी रवि शंकर प्रोपराइटर रेयर एक्सप्लोरर ट्रेवल्स कंपनी अंधेरी मुंबई के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। फरियादी ने पुलिस को बताया कि आरोपी ट्रैवल एजेंसी संचालक ने करीब चार माह पहले उन्हें दुबई घूमने और कंपनी में पैसा लगाकर मोटा मुनाफा कमाने का लालच दिया था। कई तरह की योजनाएं भी बताई थी। आरोपी की बातों पर भरोसा कर फरियादी ने और उसके साथियों ने 9 लाख 75 हजार आन लाइन आरोपी के खाते में दे दिए। पैसा लेने के बाद आरोपी ने ना तो दुबई घुमाया ना ही मुनाफे की राशि लौटाई। कई दिनों तक पैसा नहीं मिलने पर कुणाल पारेख ने क्राइम ब्रांच को शिकायत की उसके बाद आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया गया।

## जमीन पर नोट गिरने का झांसा देकर रुपयों से भरा बैग गायब

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर** । दो बदमाशों ने कलेक्शन करने वाले को जमीन पर गिरे नोट गिरने का झांसा दिया और उसका 73 हजार रुपए से भरा बैग लेकर फरार हो गए। पुलिस सीसीटीवी फुटेज से ठगी करने वाले आरोपियों की तलाश कर रही है। परदेशीपुरा पुलिस को अमरलाल पिता निचलदास नागदेव निवासी द्वारकापुरी ने शिकायत दर्ज करवाई कि वह एक्टिवा से किराना दुकान पर कलेक्शन करने पहुंचे थे । पाटनीपुरा मेनरोड स्थित कमल ट्रेडिंग से उन्होने 14 हजार रुपए का कलेक्शन किया जिसके बाद उनके बैग में कुल 73 हजार रुपये रखे हुए थे। वे जब वापस जाने के लिए एक्टिवा के पास पहुंचे और एक्टिवा के ऊपर बैग रखा तभी वहां एक युवक पहुंचा। युवक ने उनसे कहा कि आपके नोट नीचे गिर रहे हैं जब अमरलाल ने नीचे देखा तो कुछ नोट सडक पर गिरे हुए देखे। वे नोट उठाने लगे उसी दौरान एक अन्य युवक ने बैग गायब कर दिया।

# युवक की हत्या

## आधा दर्जन लोगो ने उतारा मौत के घाट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। एरोड्रम में रविवार रात एक युवक की हत्या का मामला सामने आया है। आधा दर्जन आरोपियों ने हथियार से लैस होकर उसे मौत के घाट उतार दिया।**

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक मृतक का नाम रोहित पुत्र जितेन्द्र कसेरा निवासी परिहार कॉलोनी है। बताया जाता कि आधा दर्जन लोगो ने उसे रात में मौत के घाट उतार दिया। पुलिस के मुताबिक रात में उसे अरबिदों ले जाया गया था। जहां उसकी मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक रोहित पर भी अपराध है। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई है।

पुलिस के मुताबिक रोहित केसरा पर भी आधा दर्जन अपराध है। उसकी हत्या में नितीन उर्फ जान यादव निवासी भोलेनाथ कॉलोनी का नाम सामने आया है। बताया जाता है कि नितीन के दोस्त के साथ कुछ समय पहले रोहित कसेरा ने मारपीट की थी। जिसमें रोहित केखिलाफ एरोड्रम थाने में ही केस दर्ज हुआ था। उसके बाद उस पर कारवाई कर जेल भेजा गया। बाद में छूटने के बाद युवक पर समझौते के साथ रोहित दबाव बना रहा था। रविवार रात उसे मिलने बुलाया ओर आधा दर्जन युवकों ने उस पर हमला कर दिया। हालाकि इस मामले में पुलिस चार लोगो के नाम ही बता रही है। बताया जाता है कि राजनैतिक दबाव के चलते बाकि आरोपियों के नाम पुलिस बाहर निकालने में जुटी है।

**हनी ट्रेप में शामिल रह चुका है आरोपी-** हत्याकांड में शामिल आरोपी जॉन पर हनी ट्रेप का आरोप लग चुका है। एक बिल्डर को ऐसे ही मामले में उन्होंने उलझाया था। जानकारी के मुताबिक इसी से जुड़ी युवती के सुसाइड में भी उसका नाम सामने आया था। सुसाइड नोट में उसका नाम लिखा गया था। उसे सोशल मीडिया पर हथियारों के साथ पोस्ट करने का भी शौक है। एक एक सक्रिय गैग से भी जुडा हुआ है।

## इंदौर के किशोर की नदी में डूबने से मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। इंदौर निवासी 14-15 साल के किशोर की रविवार को ग्राम सुक्ता स्थित सुक्ता नदी में डूबने से मौत होना बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि किशोर अपने परिजन के साथ मन्नत उतारने के लिए ग्राम सुक्ता स्थित शिवा बाबा मंदिर में आया हुआ था। मन्नत का कार्यक्रम चल रहा था। इसी बीच किशोर नहाने के लिए सुक्ता नदी पहुंच गया। यहां नहाते समय डूबने से उसकी मौत हो गई। स्थानीय लोगों की मदद से शव को बाहर निकाला गया। इसका वीडियो वायरल हुआ है, लेकिन का कहना है कि जब टीम वहां पहुंची तो कुछ नहीं मिला। धुलकोट चौकी प्रभारी सुरेंद्र राजपूत ने बताया कि हमें भी सूचना मिली कि ऐसी कोई घटना हुई है, लेकिन मौके पर पहुंचे तो वहां कुछ नहीं मिला। 14-15 साल का लडका बताया जा रहा है, लेकिन हमें वहां कुछ नहीं मिला। उसके नाम की जानकारी भी सामने नहीं आई। चौकी प्रभारी ने बताया कि संभवतः उसके परिजन उसे अपने साथ ले गए हों। मामले की जांच की जा रही है।

## हादसे में घायल महिला ने दम तोड़ा

**इंदौर**। बापट चौराहे पर महीना भर पहले हादसे में घायल हुई एक महिला की मौत हो गई। कई दिनों तक वह लावारिस हालत में एमवाय अस्पताल में इलाजरत भी रही थी। मृतिका का नाम शालिनी पति बाबूराव निवासी मेघदूत नगर हीरानगर है । परिजन दिनेश के अनुसार महीने भर पहले बापट चौराहे पर उन्हें किसी वाहन ने टक्कर मार दी थी। लावारिस हालत में उन्हें अस्पताल में भर्ती भी किया गया था । बाद में परिजन को उनके बारे में जानकारी मिली तो निजी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती किया गया । बीती रात उन्होंने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक